# खास-खबरें

## शासकीय माध्यमिक विद्यालय महुआखेड़ी तकीपुर में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** शासन के निर्देशानुसार शासकीय माध्यमिक विद्यालय महुआखेड़ी तकीपुर में दिनांक 1 से 15 सितंबर 2026 तक स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्राम समुदाय ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पखवाड़े के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कार्यशाला का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्वच्छ एवं हरित नोडल अधिकारी देवेन्द्र राठौर ने जल संरक्षण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को दी। वहीं गायत्री शक्ति पीठ से आर.के. सिंह ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को दैनिक जीवन में अपनाने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। स्वच्छता पखवाड़े के दौरान बच्चों ने स्वच्छ गांव-स्वस्थ गांव और स्वच्छता को कहें हां, गंदगी को कहें ना जैसे नारों के साथ घर-घर पहुंचकर ग्रामीणों से स्वच्छता अपनाने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ, एसएमसी अध्यक्ष, शिक्षक सतीश त्यागी, गोवर्धन, सरिता ठाकुर, साक्षी पालीवाल, शालिनी, एसएमसी अध्यक्ष पर्वत भारती सहित ग्रामवासी राजेश परमार, कालूराम भारती एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## बाल कलाकार सात्विक और इंजीनियर सौरव का नगरपालिका में सम्मान

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** नगर का नाम प्रदेश और देश स्तर पर रोशन करने वाली दो प्रतिभाओं का नगर पालिका परिसर में स्वागत और सम्मान किया गया। सम्मानित होने वालों में बाल कलाकार सात्विक शर्मा और नगरपालिका के उपयंत्री सौरव श्रीवास्तव शामिल रहे। बाल कलाकार सात्विक शर्मा ने नीम करोली बाबा के जीवन पर आधारित धार्मिक फिल्म 'हनुमान अंश' में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। फिल्म में उनके अभिनय की सराहना की जा रही है। छोटे शहर से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने पर नगर पालिका की ओर से सात्विक का पुष्पमाला और शॉल-श्रीफल से सम्मान किया गया। इसी तरह नगरपालिका के उपयंत्री सौरव श्रीवास्तव को अभियंता दिवस के अवसर पर नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया गया था। नगर के विकास कार्यों में उनके योगदान को देखते हुए नगरपालिका में उनका भी सम्मान किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि सात्विक ने कला और सौरव ने तकनीकी क्षेत्र में नगर का नाम रोशन किया है। दोनों प्रतिभाएं शहर के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं।

## सेवा संकल्प अभियान-आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम के लिए 135 स्व-सहायता समूहों ने बनाए 2.96 लाख दीपक

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के तहत राज्य शासन द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुपालन में विदिशा जिले में 17 सितंबर की शाम 7 बजे 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम से अभियान का शुभारंभ होगा। मध्यप्रदेश-डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन विदिशा द्वारा जिले के 135 स्व सहायता समूहों ने मिट्टी और गोबर से निर्मित 296987 दीपक तैयार किए गए हैं। जिसमें गोबर से निर्मित 70761 और मिट्टी से निर्मित 226226 दीपक तैयार किए गए हैं। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज गुरुवार 17 सितंबर को जिलेभर में वृहद स्तर पर 'आशीर्वाद का दीया' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## स्व-सहायता समूहों की युवतियों के लिए 'नमो युवा शक्ति' कार्यक्रम आज

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशाः** मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्व-सहायता समूहों की सदस्यों एवं उनके परिवार की युवतियों की प्रतिभा, ऊर्जा और सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 17 सितंबर को 'नमो युवा शक्ति' खेलकूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जनपद पंचायत कुरवाई में आयोजित किया गया है। 'नमो युवा शक्ति' कार्यक्रम में युवतियों के लिए विभिन्न खेलकूद एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें चेस, कैरम, सांप-सीढ़ी, पहेलियां, यूथ मैराथन, रेस, खो-खो, रस्साकशी, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल, चम्मच-नींबू दौड़ एवं चेयर रेस सहित अन्य गतिविधियां शामिल हैं। इसके साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। युवतियों की रचनात्मकता और स्वास्थ्यवर्धक पारंपरिक खान-पान को प्रोत्साहित करने के लिए मिलेट, प्रोटीन एवं पारंपरिक आहार की विविधता पर आधारित कुकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी।

# गणेश मंदिर परिसर के खाद्य सुरक्षा विभाग का छापा पुरानी मिठाइयां और काला तेल फिंकवाया

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** जिले में शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की बिक्री सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में विभाग की टीम ने मंगलवार को शहर के प्रसिद्ध गणेश मंदिर परिसर के आसपास की प्रसाद और मिठाई की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान टीम को एक दुकान पर पुरानी मिठाइयां बेची जाती मिलीं, जिसे देखते ही अधिकारियों ने मौके पर ही उसे नष्ट करवा दिया।

**राधे-राधे भंडार पर मिली सड़ी मिठाई, सैंपल जब्तः** खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन पन्ना के नेतृत्व में टीम ने गणेश मंदिर के पास संचालित राधे-राधे प्रसाद भंडार की जांच की। दुकान में बिक्री के लिए रखी गई पुरानी और बदबूदार मिठाइयां पाई गईं। अधिकारियों ने मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक मानते हुए पूरी मिठाई को मौके पर ही नष्ट करवा दिया।

वहीं दुकान पर बेचे जा रहे बूंदी के लड्डू का सैंपल लेकर जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, भोपाल भेजा गया है।



दुकानदार को सख्त हिदायत दी गई कि श्रद्धालुओं को केवल ताजी एवं शुद्ध मिठाइयां ही बेची जाएं।

प्रथम श्री भंडार से बेसन लड्डू और मोदक के सैंपल लिए :?टीम ने इसके बाद पास ही स्थित प्रथम श्री प्रसाद भंडार का भी निरीक्षण किया। यहां से बेसन के लड्डू और मोदक के नमूने एकत्रित कर प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे गए हैं। अधिकारी ने सभी प्रसाद विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता के मानकों का सख्ती से पालन करें, अन्यथा उनके खिलाफ और भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**काला तेल देखकर भड़के अधिकारी, मौके पर ही फिंकवायाः** कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाला मामला समोसा-कचौड़ी की दुकानों पर मिला। जांच में पाया गया कि कुछ दुकानदार समोसे और कचौड़ी तलने के लिए एक ही तेल को बार-बार उपयोग कर रहे थे, जिससे तेल पूरी तरह काला पड़ चुका था। अधिकारियों ने तीन बार से अधिक इस्तेमाल किए गए इस हानिकारक तेल को मौके पर ही फिंकवा दिया और दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी।

### क्या कहता है खाद्य सुरक्षा का नियम

खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन पन्ना ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत: नियमानुसार किसी भी खाद्य तेल को 3 बार से अधिक गर्म कर उपयोग नहीं किया जा सकता। बार-बार गर्म करने से उसमें टोटल पोलर कंपाउंड (टीपीसी) 25 प्रतिशत से अधिक हो जाता है, जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है।

बासी, पुरानी या खराब मिठाई बेचना धारा 26 और 27 के तहत दंडनीय अपराध है, जिसमें 6 माह तक की सजा और 5 लाख तक के जुर्माने का प्रावधान है।

सैंपल फेल होने पर लाइसेंस निरस्तीकरण* तक की कार्रवाई की जा सकती है।

# हिंदी दिवस पर प्रलेसं की गोष्ठी, भाषा और सामाजिक असमानता पर चर्चा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** प्रगतिशील लेखक संघ (प्रलेसं) की ओर से हिंदी दिवस की पूर्व संध्या पर गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने हिंदी की स्थिति, भाषा के आधार पर बन रही सामाजिक असमानता और भारतीय भाषाओं के सम्मान को लेकर विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी की अध्यक्षता प्रलेसं इकाई अध्यक्ष कीर्ति नारायण कश्यप ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भाषा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि सामाजिक हैसियत प्रदर्शित करने का जरिया भी बनती जा रही है। उन्होंने अंग्रेजी माध्यम के बढ़ते प्रभाव को लेकर अपनी बात रखी। वरिष्ठ सदस्य कैलाश जोशी ने कहा कि अंग्रेजी का महत्व अपनी जगह है और किसी भाषा का विरोध नहीं होना चाहिए, लेकिन हिंदी बोलने वालों को हीन दृष्टि से देखना उचित नहीं है। राज्य सचिव मंडल के सदस्य असअद अंसारी ने कहा कि भाषा के आधार पर देश में नई वर्ग-व्यवस्था उभर रही है। उन्होंने क्षेत्रीय भाषाओं की विविधता का सम्मान करने और गैर-हिंदी भाषी राज्यों में हिंदी थोपे जाने से बचने की बात कही।

इकाई सचिव ब्रजेश आर्य ने भारतेंदु हरिश्चंद्र की पंक्तियां 'निज भाषा उन्नति है, सब उन्नति को मूल' उद्धृत करते हुए हिंदी दिवस को आत्मपरीक्षण का अवसर बताया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रकाश गुप्ता ने अपनी भाषा में बिना हीन भावना के सोचने और अभिव्यक्त होने को जरूरी बताया।

लघु फिल्म निर्माता प्रदीप शर्मा ने महात्मा गांधी के मातृभाषा संबंधी विचारों का उल्लेख किया। हूर बानो सैफी ने हिंदी को उर्दू की सहोदर भाषा बताते हुए स्वरचित गजल प्रस्तुत की। संचालन रुहीना सिद्दीकी ने किया और आभार असअद अंसारी ने माना।

# अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर :** जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ आबकारी विभाग ने बुधवार को दबिश देकर कार्रवाई की। कलेक्टर ऋजु बाफना के मार्गदर्शन और जिला आबकारी अधिकारी आरसी बारोड के निर्देशन में की गई कार्रवाई के दौरान 4 बल्क लीटर मदिरा और 200 किलोग्राम लाहन जब्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जब्त मदिरा और लाहन की अनुमानित कीमत करीब 21 हजार 120 रुपये है। लाहन को मौके पर नष्ट किया गया।

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी उपनिरीक्षकों और आरक्षकों का विशेष योगदान रहा। आबकारी विभाग ने अवैध शराब से संबंधित सूचना और शिकायत के लिए हेल्पलाइन नंबर 7898716261 जारी किया है। विभाग के अनुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, संग्रहण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में 8 स्थानों पर रक्तदान शिविर आज

**विदिशा (निप्र)।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में आज 17 सितंबर को 8 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा जिला प्रशासन के निर्देशानुसार जिले के विदिशा, नटेरन, सिरोंज, लटेरी, बासौदा, कुरवाई और ग्यारसपुर में 8 रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सभी शिविरों का आयोजन प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा।

वहीं विदिशा में दो स्थानों पर रक्तदान शिविर होंगे। पहला शिविर ब्लड बैंक, जिला चिकित्सालय विदिशा में तथा दूसरा ब्लड बैंक, मेडिकल कॉलेज विदिशा में आयोजित किया जाएगा। दोनों शिविरों में 200-200 यूनिट, कुल 400 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले में कुल 1,400 यूनिट रक्त संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# देवनगर में 5.70 करोड़ से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेनः** देवनगर में बुधवार को सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने नवनिर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. चौधरी ने बताया कि करीब 5 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से 30 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण किया गया है।

उन्होंने कहा कि नए स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव सुविधा, एक्स-रे और ऑनलाइन मेडिसिन प्रिस्क्रिप्शन जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे देवनगर सहित आसपास के गांवों के लोगों को स्थानीय स्तर पर बेहतर और त्वरित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। स्वास्थ्य केंद्र शुरू होने से मरीजों को उपचार के लिए अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी।

लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आमजन तक आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# राज्य स्तरीय सब जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल आज



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** शहर के आवासीय खेलकूद परिसर एवं चर्च मैदान पर संयुक्त रूप से मध्यप्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में स्वर्गीय कैलाश नारायण सारंग की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर अंडर-14 फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में मंडला ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगरौली को 2-0 से पराजित किया। वहीं दूसरा मुकाबला जबलपुर और शुजालपुर के बीच बेहद संघर्षपूर्ण रहा, जिसमें दोनों टीमें निर्धारित समय तक कोई गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला 0-0 से ड्रा रहा।

प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा ले रही हैं और युवा खिलाड़ी मैदान पर अपने शानदार खेल का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रत्येक मुकाबले के साथ प्रतियोगिता का रोमांच बढ़ता जा रहा है। अब प्रतियोगिता के दूसरे सेमीफाइनल को लेकर भी खेलप्रेमियों में उत्सुकता बनी हुई है, जो 18 सितंबर को खेला जाएगा।

मंडला ने सिंगरौली को 2-0 से हराया?: बुधवार को दिन का पहला मुकाबला मंडला और सिंगरौली के बीच खेला गया। शुरुआत से ही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक एवं तेज खेल का प्रदर्शन किया। मैदान पर खिलाड़ियों के बीच गेंद पर कब्जे को लेकर लगातार संघर्ष देखने को मिला। मंडला की टीम ने बेहतर तालमेल और शानदार पासिंग के साथ सिंगरौली के गोलपोस्ट पर लगातार हमले किए। मंडला की ओर से सिद्धार्थ और विवेक ने एक-एक गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद सिंगरौली के खिलाड़ियों ने वापसी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन मंडला की रक्षापंक्ति ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए उन्हें गोल करने का अवसर नहीं दिया। अंततः मंडला ने 2-0 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। दिन का दूसरा मुकाबला जबलपुर और शुजालपुर के मध्य खेला गया। दोनों टीमों ने पूरे मुकाबले में शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों ओर के खिलाड़ियों ने गोल करने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता नहीं मिली। मैच के अंतिम समय तक दोनों टीमों के खिलाड़ी एक-दूसरे के गोलपोस्ट पर हमला करते रहे। इसके बावजूद दोनों टीमों की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण कोई गोल नहीं हो सका। निर्धारित समय की समाप्ति पर मुकाबला 0-0 से ड्रा रहा। मैच देखने पहुंचे खेलप्रेमियों ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

**खिलाड़ियों से हार के बाद निराश नहीं होने की अपील?:** मैच के शुभारंभ अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी एवं सनातन सेना के पवन केवट सहित अन्य अतिथियों का एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि फुटबॉल का जुनून पूरे विश्व में देखने को मिलता है।

# खाद्य प्रतिष्ठानों में प्रशासन की कार्रवाई लिए गए खाद्य पदार्थों के नमूने



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशाः** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला विदिशा द्वारा जिले में होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं मिठाई प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, प्रतिष्ठानों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच की जा रही है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डॉमिनोज पिज्जा, अव्यक्त रेस्टोरेंट एवं रजवाड़ी स्वीट्स का निरीक्षण किया गया। अव्यक्त रेस्टोरेंट से पनीर एवं आटा तथा रजवाड़ी स्वीट्स से रसगुल्ला के नमूने जांच हेतु लिए गए। 16 सितंबर को खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा ढाबा आशियाना, कल्लू का ढाबा, होटल सयाजी एवं हवेली रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ढाबा आशियाना से चिकन करी एवं मटन करी के नमूने जाँच हेतु लिए गए।

# गणेशजी की सच्ची पूजा उनके गुणों को जीवन में अपनाना है



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** गणेशोत्सव के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के चर्च वाली गली, बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने भगवान गणेश के स्वरूप में निहित जीवनोपयोगी संदेशों पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि गणेशजी की सच्ची पूजा केवल फूल, दीप और प्रसाद अर्पित करने से नहीं, बल्कि उनके गुणों को जीवन में अपनाने से होती है। गणेशजी का विशाल मस्तक व्यापक सोच, उदारता और दूरदर्शिता का प्रतीक है। बड़े कान अधिक सुनने और कम बोलने की सीख देते हैं, जबकि छोटी आंखें एकाग्रता और सूक्ष्म दृष्टि का संदेश देती हैं।

उन्होंने बताया कि गणेशजी की सूंड शक्ति और कोमलता के संतुलन का प्रतीक है। एक दंत त्याग और विशाल पेट जीवन की परिस्थितियों को समान भाव से स्वीकार करने की सीख देता है। उनका वाहन चूहा भी विशेष संदेश देता है। चार भुजाएं मन, बुद्धि, कर्म और संस्कार के संतुलन का प्रतीक मानी जाती हैं। अंकुश मन पर नियंत्रण, पाश अनुशासन, मोदक आत्मिक आनंद और वरद मुद्रा करुणा एवं आशीर्वाद का प्रतीक है।

ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्रीगणेश को प्रथम पूज्य माना जाता है। वे विघ्नहर्ता हैं, लेकिन इसका आध्यात्मिक अर्थ भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ, भय, आलस्य और भ्रम जैसे विकारों को दूर करना भी है। व्यापक सोच, धैर्य, एकाग्रता, विवेक, आत्मसंयम और सेवा भाव को जीवन में अपनाने से जीवन अधिक शांत, संतुलित और सफल बन सकता है।

**स्पेशल खबर** किसानों की हुंकार से गूंजा कलेक्ट्रेट...

# 20 मांगों का ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** भगवान बलराम जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की और मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं जिलाधीश के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रेम शंकर गौड़ को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष कचरू परमार, प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूलाल पाटीदार, जिला संरक्षक कन्हैया लाल ईटावदिया और जिला युवा संयोजक अरविन्द ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने कहा कि अन्नदाता दिन-रात मेहनत कर देश का पेट भरता है, लेकिन अपनी ही उपज का उचित मूल्य, पर्याप्त बिजली, खाद और फसल बीमा जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए उसे संघर्ष करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में किसानों ने कृषि भूमि के अधिग्रहण पर बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा देने की मांग की। किसानों ने आरोप लगाया कि इसकी घोषणा होने के बावजूद कई प्रभावित किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हाईटेंशन टावर,



विद्युत लाइन, पाइपलाइन, केबल, सड़क और रेलवे जैसी परियोजनाओं से कृषि भूमि प्रभावित होने पर भी उचित मुआवजा देने की मांग उठाई गई।

महासंघ ने भावांतर योजना को किसानों के हित में अपर्याप्त बताते हुए उनकी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने की मांग की। धान, सोयाबीन, कपास और मक्का सहित प्रमुख फसलों की समर्थन मूल्य पर समय पर खरीदी की मांग भी ज्ञापन में शामिल रही।

दुग्ध उत्पादक किसानों के लिए 12 रुपए प्रति फैट का भाव और सरकार द्वारा घोषित 5 रुपए प्रति लीटर प्रोत्साहन राशि का शीघ्र भुगतान करने की मांग की गई। किसानों ने फसल बीमा राशि के वितरण में कथित विसंगतियों की जांच कराने तथा वंचित किसानों को बीमा राशि दिलाने की मांग की। खाद वितरण की ई-टोकन व्यवस्था समाप्त कर फसल की आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त खाद उपलब्ध कराने और प्रत्येक जिले में उर्वरक, कीटनाशक तथा मिट्टी की जांच के लिए प्रयोगशालाएं स्थापित करने की मांग भी रखी। सिंचाई के लिए दिन में लगातार 12 घंटे कृषि बिजली उपलब्ध कराने, ओवरलोड ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, टूटे पोल और झूलते तार दुरुस्त करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में बिना सूचना बिजली कटौती बंद करने की मांग की गई। जंगली पशुओं से फसल नुकसान का मुआवजा देने और किसानों के भू-अभिलेखों में हुई त्रुटियों को सुधारने की मांग भी उठाई गई।

किसानों ने प्राकृतिक आपदा और आगजनी से प्रभावित किसानों को राहत राशि एवं बीमा लाभ देने तथा प्रतियोगी परीक्षा केंद्रों पर महिला अभ्यर्थियों के मंगलसूत्र, बिंदी और अन्य श्रृंगार सामग्री हटाने की व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग की। महासंघ ने चेतावनी दी कि मांगों का समय सीमा में निराकरण नहीं हुआ तो किसान उग्र आंदोलन और धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान संगठन के अनेक पदाधिकारी और किसान मौजूद रहे।